## सार-समाचार

### भटाना में पथ संचलन पर पुष्प वर्षा

**रेवदर**, (नि.सं.)। विजया दशमी तथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्थापना दिवस पर रविवार को भटाना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम हुआ। क्षेत्र का संघ शताब्दी वर्ष महोत्सव पथ संचलन एवं विजयादशमी उत्सव शस्त्र पूजन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत आनंद दास मुनि कुटिया ने सुबह शस्त्र पूजन किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने संघ पूर्ण गणवेश में भाग लिया। कार्यक्रम में गुरु संजय ओगड़ का सानिध्य रहा कार्यक्रम में बौद्धिक गोपाल पुरोहित रहे। संघ 100 वर्ष का हो गया। आज से 100 वर्ष पूर्व की स्थिति और आज की स्थिति हम देखेंगे तो पूरे देश में एक बहुत बड़ा सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलता है। आज हिंदू समाज पूरे देश में एक संगठित रूप में खड़ा है, यह संघ की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक जहां खड़ा है वह अपने स्वयंसेवक पन से सदैव राष्ट्र सहित के कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के बाद पथ संचलन शुरू हुआ, जो हनुमान चौक, गोस्वामी चौक, इंद्रा कॉलोनी, भील वास, रेबारी वास, घोड़ा निंबड़ी, हीरागर वास, मेघवाल वास, महादेव मंदिर होते हुए विद्यालय प्रगाण में संघ स्थान पहुंचा। कई जगहों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। उस समय पुलिस चौकी प्रभारी गणेशा राम हैड कांस्टेबल, कुलदीप सिंह, सोहन लाल, रोहिताश, मोतीराम, कालू राम पुलिस चौकी भटाना, मावा राम, रमेश चौधरी, रावता राम, अजा राम, मंगल चंद, गोवा राम, गोविंद पुरोहित सहित कई जने मौजूद रहे।

### हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सांघवी को अवॉर्ड

**जोधपुर**, (कासं)। मारवाड़ के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव सांघवी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया गया है। कार्डियोलोजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के राजस्थान चैप्टर की ओर से जयपुर में आयोजित राजसिकोन 2025 सम्मेलन के दौरान रविवार को डॉ. सांघवी को यह अवॉर्ड प्रदान किया गया। डॉ.सांघवी को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हृदय चिकित्सा क्षेत्र में उनके समर्पण, सेवा भाव और विभिन्न उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया है। जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज से साल एमबीबीएस व एमडी तथा दिल्ली एम्स से कार्डियोलॉजी में डीएम करने वाले डॉ. सांघवी ने ही जोधपुर के डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज में पहली बार हृदयरोग विभाग की स्थापना की थी। वे इसी विभाग से सीनियर प्रोफेसर के रूप में सेवानिवृत्त हुए और अभी जोधपुर के वसुंधरा अस्पताल में वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। उनके कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में पचास से ज्यादा शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं। साथ ही कार्डियोलॉजी कोर्स की किताबों में भी उनके लिखे चैप्टर पढ़ाए जाते हैं। डॉ. सांघवी को हृदय चिकित्सा क्षेत्र में योगदान के लिए कई राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। डॉ. सांघवी को लाइफ टाइम अचिवमेंट अवार्ड मिलने पर जोधपुर के चिकित्सा जगत में खुशी की लहर फैल गई। विभिन्न चिकित्सकों व जोधपुर के प्रमुख लोगों ने डॉ. सांघवी को इस नई उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

### बागरा में भाषाबोधन वर्ग शुरू

**जालोर**, (कासं)। चार दिवसीय आवासीय भाषाबोधन वर्ग रविवार से आदर्श विद्या मंदिर बागरा में प्रारंभ हुआ। संस्कृत भारती संगठन के जालोर विभाग की ओर से आयोजित आवासीय भाषा बोधन वर्ग प्रांत साहित्य प्रमुख श्रवण विश्नोई, मुख्य अतिथि शान्ति लाल घांची अध्यक्ष सांवलियाजी मंदिर बागरा, विशिष्ट अतिथि खेमराज द्वारा मां सरस्वती व भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर विधिवत् प्रारम्भ किया गया। श्रवण विश्नोई ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बताया कि संस्कृत भाषा को आमजन की बोलचाल भाषा बनाने के लिए संस्कृत भारती संभाषण वर्ग, भाषा बोधन वर्ग, भाषा प्रबोधन वर्ग एवं पत्राचार पाठयक्रम के माध्यम से प्रयासरत हैं। वर्ग में जालोर एवं सिरोही जिले के संस्कृत भारती के कार्यकर्ता तथा संस्कृत सीखने के इच्छुक 80 छात्र- छात्रा, महाविद्यालय छात्र व शिक्षक भाग ले रहे है। जिला अध्यक्ष कल्पेश बोहरा ने बताया कि पूर्ण आवासीय वर्ग में स्तोत्रपाठ, खेल-खेल में रोचकता के साथ मात्र 20 घंटे के पाठयक्रम द्वारा संस्कृत बोलना सिखाया जाएगा। इस दौरान वर्ग में विभाग संयोजक भंवर लाल ,जिला मंत्री खुशवंत नाग, उदयराज चारण, राहुल कुमार, ललित गर्ग, च्यवन ठाकुर, शैतानसिंह काबावत, मनीष माली, जयदीप सिंह देवडा, शुभम रावल, चेरीटराज पुरोहित, दानाराम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर ग्रामीण की पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे अपहरण के आरोपी गणपत साटिया को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने एक युवक को धोखे से बुलाकर उसे किडनैप कर मारपीट की थी। इसको लेकर मामला दर्ज करवाया गया था। आरोपी एक साल से फरार चल रहा था। इसको लेकर 28 सितंबर 2024 को प्रवीण पुत्र भीयाराम नायक निवासी गोटन ने थाना बोरून्दा में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। बताया कि विकास हरीजन, महेन्द्र बावरी और गणपत ने उसे धोखे से खारिया खंगार बुलाया। गाड़ियों में बैठाकर पीपाड़ रोड ले गए। जहां आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। इसको लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। डीएसटी प्रभारी श्रवणकुमार भवरिया के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी गणपत साटिया को गिरफ्तार किया। आरोपी सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ वीडियो और फोटो अपलोड कर लोगों में डर फैलाने का प्रयास भी कर रहा था। फिलहाल आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### बच्चों ने संस्कार शिविर में भाग लिया

**जोधपुर**, (कासं)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि के सानिध्य में रविवार को जयमल जैन पाठशाला के विभिन्न केन्द्रों के बच्चों का संस्कार शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर धार्मिक शिक्षा अंगीकार की। इससे पूर्व सुमति मुनि भगवान महावीर स्वामी की निवार्ण देशना के उत्तराध्ययन सूत्र के तेइसवे अध्याय की आराधना करते हुए अपने प्रवचन में कहा कि जीव में करुणा भावना का विकास होना चाहिए। गलत विचारों,रास्तों, अवस्थाओं का असहयोग एवं उनको अस्वीकार करना भी जरूरी है। गलती का प्रायश्चित करने से सभी प्रकार की समस्या हट जाती है। बिना सोचे समझे किसी के लिए गलत धारणा नहीं बनानी चाहिए। पापी भी योगी बन सकता है। साध्वी ने अपने प्रवचन में श्रावक श्राविकाओं को धर्म की राह पर चलने की सीख दी। उन्होंने प्रेरक प्रसंगों द्वारा भी ज्ञान की सरिता प्रवाहित की। संघ अध्यक्ष देवराज बोहरा ने बताया कि चौरड़िया भवन में चातुर्मास के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### दीपावली स्नेह मिलन आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। नेत्रहीन विकास उद्योग समिति में दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में भामाशाह बलदेव सिंह, स्वर्गीय जयरूप सिंह सोलंकी द्वारा पूरी संस्था के दृष्टि बाधित छात्रों कर्मचारियों एक एक ड्रेस एवं इनाम वितरित किए गए। साथ ही संस्था के सदस्य ललित देव शर्मा पुत्र देवराज शर्मा का पदोन्नित होने पर संस्था के सभी उपस्थित सदस्य द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बालकों द्वारा अंग्रेजी में स्पीच संस्कृत में स्पीच और कविता पाठ सामूहिक भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन बबीता फोफलिया द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन सचिव सुरेश अरोड़ा द्वारा किया गया। अध्यक्ष छगन सालेचा, सचिव सुरेश अरोड़ा, कोषाध्यक्ष तेजपाल जैन, सहसचिव लखपत राज सिंघवी, एल पी राज मेहता, घनश्याम भटनागर, राजेश अरोड़ा, कालूराम शर्मा, पुष्पा, बबीता, जितेंद्र नाहर, के एम शर्मा एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

### पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया

**जोधपुर**, (कासं)। महिला एवं बाल विकास विभाग, जोधपुर शहर परियोजना की ओर से भदवासिया सेक्टर स्तरीय राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम तापी बावड़ी विद्यालय, आशेक कॉलोनी, भाण्ड बस्ती परिसर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड संख्या 65 पार्षद श्री मुकेश तथा वार्ड संख्या 67 पार्षद बाला देवी उपस्थित रहीं। महिला पर्यवेक्षक अंजु भाटी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना की विस्तृत जानकारी दी।

### कांग्रेस संगठन सृजन अभियान आज

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान कांग्रेस संगठन सृजन अभियान 2025 के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय रायसुमारी कार्यक्रम के तहत पाली शहर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम 13 अक्टूबर को सांय 6 बजे सर्किट हाउस में होगा। पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हकीम भाई ने जानकारी दी।

# सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप, लोगों ने रोष जताया

**बालोतरा**, (नि.सं.)। सरकार की महत्वाकांक्षी गौरव पथ योजना के तहत पादरू कस्बे के कुंडल रोड पर हो रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। स्थानीय निवासियों ने ठेकेदार पर मनमानी और घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से शिकायत की है और निर्माण कार्य रुकवाकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### पुरानी सड़क पर नई परत, घरों में भर रहा पानी

स्थानीय निवासियों का मुख्य आरोप यह है कि ठेकेदार द्वारा पहले से बनी हुई सीसी रोड को बिना तोड़े ही उस पर नई सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। इस ओवरले निर्माण के कारण सड़क की ऊंचाई काफी बढ़ गई है, जिससे ग्रामीणों के घर सड़क से बहुत नीचे हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क ऊंची होने के कारण बरसात का पानी अब उनके घरों में घुस रहा है।

एक ग्रामीण ने बताया कि सड़क को बिना तोड़े ही नई सड़क बना दी गई है, जिससे हमारे घर सड़क से नीचे हो गए हैं। अब थोड़ी सी बारिश में भी सारा पानी हमारे घरों में भर जाता है। हद तो यह है कि पानी निकासी के लिए बनी नालियों को भी बंद कर दिया गया है, जिससे समस्या और बढ़ गई है।

### घटिया सामग्री व गुणवत्ता की अनदेखी का आरोप

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मापदंडों और एस्टीमेट का पालन नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से काम किया जा रहा है और निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। उनका कहना है कि अगर गुणवत्ता की अनदेखी इसी तरह जारी रही तो सड़कें जल्द ही खराब हो जाएंगी और दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाएगी।

### मापदंडों की अनदेखी पर सवाल

गौरव पथ योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़कों का निर्माण करना है, लेकिन पादरू में निर्माण कार्य में हो रही इन कथित अनियमितताओं से सरकार की इस योजना की प्रभावशीलता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा मनमानी की जा रही है और गुणवत्ता नियंत्रण की पूरी तरह अनदेखी हो रही है।

### उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग

परेशान ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से नगर पंचायत और उच्च अधिकारियों से शिकायत की है। उन्होंने मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य की तत्काल प्रभाव से निष्पक्ष जांच कराई जाए और अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार पाए जाने वाले ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि निर्माण कार्य को तुरंत रोककर, निर्धारित मापदंडों के अनुसार नए सिरे से निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में होने वाली समस्याओं से बचा जा सके और सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

# जालोर डिस्ट्रिक्ट टेनिस संघ के चुनाव 24 को

**जालोर**, (कासं)। जालोर डिस्ट्रिक्ट टेनिस एसोसिएशन की आम सभा की बैठक में आगामी चुनाव के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। जालोर डिस्ट्रिक्ट टेनिस संघ के चुनाव 24 अक्टूबर को ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज, परावा (चितलवाना) में आयोजित किए जाएंगे।

जालोर डिस्ट्रिक्ट टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष माला राम साहू ने बताया की टेनिस एसोसिएशन की एग्जीक्यूटिव एवं एनुअल जनरल काउंसिल की मीटिंग 24 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज परावा, चितलवाना में आयोजित होगी। उक्त वार्षिक साधारण सभा की बैठक में गत ए जी एम में लिए गए मिनिट्स एवं वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत कर पारित करवाई जाएगी तथा वर्ष 2025-26 के बजट का प्रावधान के साथ ही वर्ष 2025-2029 तक की अवधि के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ करवाई जाएगी। जालोर डिस्ट्रिक्ट टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष माला राम साहू ने जानकारी उपलब्ध करवाकर बताया कि चुनाव पैट्रन, प्रेसिडेंट, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, सैक्रेटरी एवं ट्रेजरर के एक एक पद पर तथा वाईस प्रेसिडेंट,जॉइंट सैक्रेटरी एवं एग्जीक्यूटिव मेम्बर के पाँच पाँच पदों पर चुनाव प्रक्रिया के लिए नॉमिनेशन प्रपत्र 21 अक्टूबर को चुनाव अधिकारी के पास जमा करवाए जा सकेंगे। प्राप्त नामांकन प्रपत्रों की जाँच 22 अक्टूबर को होगी तथा नामांकन वापसी की तिथि 23 अक्टूबर तय की गई है तथा 24 अक्टूबर को ए जी एम के पश्चात् चुनाव प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। जालोर डिस्ट्रिक्ट टेनिस एसोसिएशन के सचिव लाल सिंह सांखला ने बताया की जालोर डिस्ट्रिक्ट टेनिस एसोसिएशन के चुनाव राजस्थान स्पोर्ट्स एक्ट- 2005 के अंतर्गत विधि विधान कार्यवाही संपन्न करने के लिए प्रभु दान राव सेवानिवृत्त जिला शिक्षा पदाधिकारी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। जालोर डिस्ट्रिक्ट टेनिस एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया के लिए राजस्थान टेनिस एसोसिएशन के सचिव डॉ राजीव शर्मा ने अमृत विश्नोई सीनियर टेनिस खिलाडी को तथा जालोर डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश बिश्नोई ने हरि राम विश्नोई सचिव जालोर डिस्ट्रिक्ट रेसलिंग एसोसिएशन को ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। नरेन्द्र कुमार विश्नोई पूर्व प्रधान पंचायत समिति सांचौर ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी आवश्यक नियमों और प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की है कि वे चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। सभी संबंधित क्लबों के पदाधिकारियों खेल प्रेमियों से अनुरोध है कि वे इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित हों और चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में योगदान दें।

# आहोर विधायक ने अटल पथ का शिलान्यास किया

**जालोर**, (कासं)। शनिवार को भंवरानी में अटल प्रगति पथ के शिलान्यास और भूमि पूजन कार्यक्रम में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित मुख्य अतिथि ने कहा कि सडक, बिजली,पानी, शिक्षा और चिकित्सा की मूल सुविधा का सकारात्मक प्रयास करते हुए क्षेत्र में विकास करवाया जाएगा। सामान्य जन के सुविधा के लिए विकास कार्य की क्षेत्र में कोई कमी नहीं आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में किसानों, निम्न वर्ग, पशुओं के साथ-साथ गरीब तबके के लिए भी चिकित्सा और फसल बीमा की सुविधा के हरदम प्रयास किया जाएगा।

कस्बे के राजकीय चिकित्सालय के सामने मुख्य सडक से हरिजन बस्ती तक एक किलोमीटर बनने वाले अटल प्रगति पथ का विधायक ने भूमि पूजन किया। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अभियंता कैलाशकुमार जीनगर ने बताया कि 1.40 करोड की लागत से बनने वाला यह सीसी रोड विधायक की अनुशंसा से बनाया जा रहा है।

अटल प्रगति पथ बनने पर विभिन्न ढाणी के बासींदों को सुगम मार्ग की सुविधा मिलेगी। साथ ही बरसात के मौसम में बाढ की स्थिति पर परेशान होने वाले लोगों के लिए अब सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। ग्राम पंचायत भवरानी और सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा आयोजित इस शिलान्यास कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रशासक गोविंदराम सुथार, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि नरपतसिंह राजपुरोहित, भाजपा मंडल भाद्राजून अध्यक्ष अमरसिंह तोडमी, ओडवाडा प्रशासन लक्ष्मण पटेल, उपसरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्रकुमार सिंह और गणपतसिंह मंडलावत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा क्षेत्र में विधायक द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यो पर प्रकाश डाला तथा भवरानी में हुए विकास कार्यो के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

पंडित रूपकिशोर दवे ने मंत्रोचारण के साथ भूमि पूजन करवाया। अटल प्रगति पथ से लाभान्वित होने वाले लोगों ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए खुशी व्यक्त की।

इस दौरान विजयराज, इंद्रसिंह, जोरसिंह राजपुरोहित, गणेशसिंह, रूपसिंह परिहार, कालूसिंह दहिया, हेमताराम, मोटाराम, सांवलाराम, छगनलाल, कानसिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### करंट से महिला व एक साल की बेटी झुलसी

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर जिले के जुडिया ग्राम पंचायत क्षेत्र में रविवार दोपहर एक घर में काम करते समय बिजली के करंट आने से एक महिला और उसकी एक साल की बेटी गंभीर रूप से झुलस गईं।

दोनों को बालेसर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय संतु पत्नी रूपाराम भील घर में काम कर रही थीं। उसकी एक वर्षीय बेटी मनीषा उसके पास ही खेल रही थी।

इसी दौरान ध्यान ना रहने से खुले वायर पर हाथ लग गया, जिससे मां-बेटी बुरी तरह झुलस गईं।

घटना के बाद, वहां मौजूद लोगों ने निजी वाहन से दोनों घायलों को बालेसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। बाद में उन्हें जोधपुर रेफर किया गया।

# सृजन अभियान के तहत कांग्रेस पर्यवेक्षक ने जालोर में बैठक ली

**जालोर**, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत रविवार को जालोर में कांग्रेस पर्यवेक्षक पहुंचे। पर्यवेक्षक दल में गुजरात के पूर्व नेता प्रतिपक्ष परेश धनानी ने कहा कि रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी के असुरक्षा को लेकर कहा कि प्रदेश मे निर्वाचित विधायक के सुरक्षा का जिम्मा मुख्यमंत्री को होता है अगर विधायक भी सुरक्षित नही है तो जनता का क्या हाल होंगा। उन्होनें प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज विधायक भी सुरक्षित नहीं हैं, प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ये बात रविवार को कांग्रेस पर्यवेक्षक गुजरात के पूर्व नेता प्रतिपक्ष परेश धनानी ने एक निजी होटल में प्रेसवार्ता मे कही।

धनानी ने कांग्रेस में किसी की आवाज को दबाया नही जा रहा। सभी कार्यकर्ताओं को बोलना का हक है तथा तव्वजो दी जाती है। परेश धनानी ने जिलाध्यक्ष के सवाल पर कहा कि जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को मौका दिया जायेगा। जब पत्रकारों ने जालोर जिले में गुटबाजी से जुड़े सवाल पूछे, तो धनानी इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि संगठन निर्माण की प्रक्रिया सामंजस्य और एकता पर आधारित है।

पर्यवेक्षक दल में गुजरात के पूर्व नेता प्रतिपक्ष परेश धनानी, पीसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल, पीसीसी महासचिव सुमन यादव और नरेश चौधरी शामिल रहे।

जालोर में कदावत नेता अपने चेहते को जिलाध्यक्ष बनाने को लेकर जोड़ तोड़ की राजनिती करते दिखाई दिए। वही कांग्रेस की बैठक व प्रेसवार्ता में कांग्रेस के कदावर नेताओं में आपस में दूरियां साफ नजर आई।

प्रेसवार्ता के बाद भीनमाल विधायक डॉ समरजीत सिंह और पूर्व राज्यमंत्री पुखराज पाराशर के बीच बहसबाजी भी हुई, मौजूद अन्य नेताओं ने मामले को शांत करवाया। जालोर जिलाध्यक्ष को लेकर धमासान मचा हुआ है। पर्यवेक्षक धनानी सामाचार लिखे जाने तक दावेदारो से वन टू वन चर्चा कर रहे थे।

पर्यवेक्षकों व पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल, पीसीसी महासचिव सुमन यादव और नरेश चौधरी के समक्ष जालोर विधानसभा क्षेत्र से जालोर प्रत्याशी रही रमिला मेंघवाल, जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली भुटटो, प्रवक्ता योगेन्द्र सिंह कुम्पावत, कांग्रेस युवा नेता लक्ष्मण सांखला, एनएसयूआई पूर्व राष्ट्रीय सचिव भरत सराधना, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवर लाल मेंघवाल, आहोर प्रत्याशी सवाराम पटेल, विरेन्द्र जोशी भीनमाल प्रत्याशी ऊम सिह, कांग्रेस नेता आमसिह परिहार, जयंती विश्नोई सहित कई जनों ने आवेदन किया। वही जिलाध्यक्ष को लेकर राजीव गांधी भवन में दावेदारो के समर्थकों की भी भीड़ रही।

पर्यवेक्षकों ने बताया कि वे 12 से 15 अक्टूबर 2025 तक जिले की सभी जिला एवं ब्लॉक स्तरीय बैठकों में भाग लेकर जिलाध्यक्ष चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे।

### महिला की मौत

**जोधपुर**, (कांस)। शहर के निकट कुड़ी भगतासनी सेक्टर 2 में लिव इन में रहने वाली एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसे पांच छह दिन पहले एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी शुक्रवार को उपचार के बीच मौत हो गई। पुलिस ने शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया और परिजन को सुपुर्द किया। आशंका है कि उसे खून की कमी या अन्य कोई बीमारी थी। मामले में जांच एससी-एसटी के प्रभारी एसीपी कैलाश पारिक कर रहे है।

पारिक ने बताया कि महिला 32 साल की थी। उसे तबीयत बिगडऩे पर पांच दिनों पहले एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसकी शुक्रवार को मौत हो गई। वह कुड़ी सेक्टर 2 में भरत नाम के शख्स के साथ रहती थी। परिजन ने मौत को लेकर कोई शक सुबह जाहिर नहीं किया है। महिला और भरत राजीखुशी रहना बताया है।

शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया है। मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही चल पाएगा। शव को कार्रवाई उपरांत परिजन के सुपुर्द किया गया।

# धोरीमन्ना ने पहली बार जिला एथलेटिक्स जीती

**धोरीमन्ना**,(नि.सं.)। मुल्तानमल भीकचंद छाजेड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांधी चौक बाड़मेर मे आयोजित 69 वी जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। जिसमे धोरीमन्ना पहली बार चैम्पियन बनी।

प्रतियोगिता में 14 वर्षीय 200 मीटर 400 मीटर 600 मीटर व 4गुणा 100 रिले रेस में गोल्ड मेडल व बाड़मेर जिले की बेस्ट एथलेटिक्स अवार्ड से कल्पना बिश्नोई को सम्मानित किया गया। 4 गुणा 100 रिले रेस में कल्पना, खुशबू, माया वं सिमरन ने गोल्ड मेडल हासिल किया। शिव शक्ति उच्च माध्यमिक विद्यालय धोरीमना ने बाड़मेर जिले में चैंपियनशिप खिताब जीता। छात्र वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भागभरे की बेरी के छात्र छोगाराम भील ने 400,मीटर. 600.मीटर में गोल्ड मेडल खिताब जीता व लम्बी कूद मे सिल्वर मेडल जीतकर बाड़मेर जिले का बेस्ट एथलीट अवार्ड से नवाजा गया। छात्र वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भागभरे की बेरी चैंपियनशिप में उपविजेता का खिताब जीता। दल प्रभारी शिव शक्ति विद्या मंदिर गोमती बिश्नोई धोरीमना दल प्रभारी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भागभरे की बेरी सोहनलाल मांजू वरिष्ठ अध्यापक धोरीमना में आजादी के बाद पहली बार 14 वर्षीय जिला स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता मे छात्र-छात्राओं में बेस्ट एथलीट के साथ चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। यह समस्त धोरीमन्ना क्षेत्रवासियों के लिए गर्व व गौरव की बात है व धोरीमना क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

बाड़मेर से धोरीमना के बीच में जगह-जगह पर छात्रों पर फूलों से हुआ स्वागत किया गया। धोरीमना मुख्य चौराहे पहुंचने पर धोरीमना वासियों द्वारा ढोल नगाड़ों वे तिलक व मुंह मीठा करवा कर खिलाड़ियों का माला व साफा व गुलाल से उत्साह वर्धन किया। विद्यालय में पहुंचने पर विद्यालय प्रांगण में गुरुजनों विद्यार्थियों अभिभावकों द्वारा छात्र-छात्राओं का जोरदार धूमधाम से स्वागत किया गया।

प्रधानाचार्य नेनाराम खिलेरी सरक्षक विरमाराम खिलेरी, भाजपा जिला मंत्री केसाराम सुथार, पंचायत समिति सदस्य सुजानाराम गोदारा, पंचायत समिति सदस्य वीरेंद्र बोला, एडवोकेट राम सिंह खिलेरी, भाजपा नेता बबलू राम ढाका, हरिकिशन ढाका, भागीरथीराम खिलेरी, लक्ष्मण भार्गव, अध्यापक राम खिलेरी, भाजपा नेता हीराराम भादू, जालाराम खिलेरी खरड़, चंदानाराम खिलेरी, राजूराम बिश्नोई, छात्र भजनलाल, रामनरेश सहित कई जने उपस्थित रहे।

# एथलेटिक्स में सारणों की ढाणी ने जीते 47 मेडल

**बालोतरा**, (नि.सं.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (छात्रा वर्ग 17/19 वर्ष एथलेटिक्स) का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी तथा अध्यक्ष विधायक पचपदरा अरुण चौधरी ने विजेता छात्राओं को सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारणों की ढाणी ने दोनों आयु वर्गों में बाजी मारी। 17 वर्ष वर्ग में सारणों की ढाणी ने चैंपियनशिप अपने नाम की, जबकि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बायतु द्वितीय स्थान पर रहा। 19 वर्ष वर्ग में भी सारणों की ढाणी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेरी नाड़ी द्वितीय स्थान पर रहा।

व्यक्तिगत श्रेणी में भी सारणों की ढाणी की छात्राओं का प्रदर्शन शानदार रहा। 17 वर्ष की बेस्ट एथलीट बनीं खुशबू चौधरी, 19 वर्ष की बेस्ट एथलीट का खिताब कमला चौधरी ने अपने नाम किया।

समारोह में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बुधाराम चौधरी, प्रधान श्रवण सिंह राजपुरोहित, सरपंच दौलाराम, आयोजन सचिव हरि सिंह, पूर्व प्रधान करनाराम चौधरी, पूर्व उप प्रधान करनाराम, आयोजन संयोजक तुलसाराम पटेल, मोहन सिंह चंपावत, सहीराम बिश्नोई, भगवत सिंह, विरमाराम, शिव सिंह, राजपुरोहित गोपाल सिंह, सरूपाराम, खेताराम चौधरी, श्याम सिंह राजपुरोहित, भेरूलाल खटीक, महिपाल सिंह, अशोक सेन, भगाराम गौतम जीनगर, भरत सिंह, सरवन राम पटेल, महेंद्र सिंह, राधेश्याम, विमला कंवर, ज्योति चौधरी, सुशीला सेनी सहित अनेक निर्णायक, शिक्षक, खिलाड़ी और छात्राएं उपस्थित रहे।

सारणों की ढाणी ने इस प्रतियोगिता में कुल 47 मेडल जीतकर गिड़ा ब्लॉक का मान बढ़ाया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक शिवलाल व अध्यापक मानाराम सारण के मार्गदर्शन और मेहनत का यह परिणाम रहा।

### ऋण आवेदन की तिथि बढ़ाई

**पाली**, (नि.सं.)। अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम (अनुजा निगम) पाली द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय निगमों की ऋण योजनाओं में अनुसूचित जाति वर्ग के 24 अनुसूचित जन जाति वर्ग के 16, विशेष योग्यजन वर्ग के 24, सफाई कर्मचारी या स्वच्छकार वर्ग के 14 एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के 24 व्यक्तियों को स्वरोजगार उपलब्ध करवाने के लिए अनुजा निगम पोर्टल पर ऑनलाईन ऋण आवेदन पत्र 30 सितम्बर 2025 तक आमन्त्रित किये गये थे जिसे बढाकर आवेदन की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 तक कर दी गई हैं। अनुजा निगम परियोजना प्रबंधक ज्योतिप्रकाश अरोड़ा ने बताया कि इच्छुक आशार्थी जिनकी आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य हो एवं जिनके परिवार की वार्षिक आय 3 लारख रुपये से कम हो।

# मुस्लिम समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**पाली**, (नि.सं.)। सामाजिक संस्था मुस्लिम युवा फाउंडेशन समिति पाली की ओर से पाली में तीसरी बार मात्र एक रुपए में आम मुस्लिम समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 25 जोड़ो का एक साथ निकाह करवाया गया।

अध्यक्ष मेहराज अली चूडिगर व संयोजक जाकिर गौरी ने बताया कि यह आयोजन हैदर कॉलोनी स्थित गरीब नवाज तालीमी सोसायटी ठाउंड में आयोजित किया गया। इस सामूहिक सम्मेलन में दूल्हा दुल्हन के परिवार वालों से मात्र एक रुपए लिया जा कर निकाह करवाया गया।

समिति के प्रवक्ता मोहम्मद खालिद कादरी ने बताया भामाशाहों के सहयोग से समिति द्वारा दुल्हन को 21 घरेलू आइटम गिफ्ट दिए गए। सामूहिक विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि मौलाना सय्यद मुहम्मद कादरी साहब जयपुर से तशरीफ लाए तथा पाली के प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण व गणमान्य नागरिक तथा ओलमा हजरात विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। मंच संचालन कार्यालय की जिम्मेदारी मो यासीन सबावत, एंकर आमिर राजा सोजत ने की।

समिति के मीडिया प्रभारी सैयद अबूबकर व सदाकत अंसारी ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन कमेटी के चांद संजरी, शकील नागौरी, जहिर मकरानी, सत्तार पठान, इकबाल मोयल, इंसाफ साता वाले, अकरम खिलेरी, रईस सोलंकी, हसन चौहान, इंसाफ सोलंकी,अफजल पठान, रफीक सोलंकी, अशरफ पठान, अरबाज अज्जू, वाहिद अंसारी, परवेज अंसारी, शरीफ भाटी, सलीम फ्रूट वाले, गुड्डू भाई, फकीर मोहम्मद चढवा, यासीन सबावत, अय्यूब सुलेमानी, शाहिद पिंटू, अनवर हुसैन सोजत, सलीम भाई मुबलिग़, इकबाल भाटी, फारूक रंगीला, हाजी मोहम्मद सोलंकी, हाफिज तहसीन रजा, गुड्डू भाई रामपुर वाले, असगर कुरैशी, सदाकत अंसारी, फिरोज सामरिया, नादिर अंसारी, गौस मोहम्मद, इस्माइल गौरी, जावेद जिलानी, मकबूल चूड़ीगर, नौशाद केजीएन, हुसैन अजमेरी, वसीम भाटी, सद्दाम सिलावट, फैजान पठान, वसीम अल्फ़ाज़, फिरोज खिलेरी, सत्तार भाटी, असलम खिलेरी, समीर गौरी, साबिर भाटी, मोइनुद्दीन खिलेरी, समीर सिपाही,यूसुफ तिलजीवाला,शहजाद सिलावट, इरफान कालू, साहिल नागौरी, अज्जू अंसारी, आमिर खान मोइन नागौरी मोहम्मद साजिद, समीर खान मोयल आदि का सहयोग रहा।

### हारून का जालोर दौरा आज

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान अल्पसंख्यक अधिकारी - कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष हारून खान 13 अक्टूबर को जालौर दौरे पर रहेंगे। महासंघ के प्रदेश सचिव शहजाद खान एवं जिलाध्यक्ष रमजान खान ने बताया कि महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष हारून खान एकदिवसीय जालोर जिले के दौरे पर रहकर कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

# आयुर्वेद नर्सिंग कार्मिकों को प्रशिक्षण

**जोधपुर**, (कासं)। आयुर्वेद विभाग, राजस्थान द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय आयुर्वेद नर्सेज आमुखीकरण प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रथम बैच का प्रशिक्षण रविवार को संपन्न हुआ। इस बैच में धौलपुर, भरतपुर, करौली, बांसवाड़ा, सवाई माधोपुर, बारां, झालावाड़, कोटा एवं राजसमंद जिलों के कुल 103 नर्सिंग कार्मिकों ने सहभागिता की।

प्रतिभागियों को नोडल प्रभारी डॉ. अशोक कुमार मित्तल एवं सहायक नोडल डॉ. गायत्री द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर वक्ताओं ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धित में नर्सिंग की भूमिका को सशक्त एवं तकनीकी दृष्टि से अद्यतन करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में डॉ. ए.डी.पी. सिंह ने क्षारसूत्र केन्द्र में नर्सिंग की भूमिका विषय पर व्याख्यान देते हुए क्षारसूत्र चिकित्सा की प्रक्रिया, रोगी देखभाल, उपकरण प्रबंधन एवं संक्रमण नियंत्रण की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की।

इसके पश्चात डॉ. निकिता पंवार ने औषधीय पौधों का सर्वेक्षण एवं रिपोर्टिंग प्रणाली विषय पर प्रस्तुति दी। उन्होंने औषधीय पौधों की पहचान, संरक्षण, वैज्ञानिक रिपोर्टिंग एवं आयुष चिकित्सा प्रणाली में उनके महत्व पर व्यावहारिक जानकारी दी। अंतिम सत्र में सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी दिनेश राजपुरोहित ने आरएसआर एवं सीसीए नियम विषय पर सत्र लिया। रविवार के सत्र में डॉ. मुकेश प्रजापत, डॉ. तेजेक्ष मित्तल, वरिष्ठ कम्पाउंडर सलीम सुल्तान एवं कनिष्ठ सहायक श्याम सुन्दर शर्मा की उपस्थिति रही। आयुर्वेद नर्सिंग सेवाओं में व्यवहारिक दक्षता व व्यावसायिक निष्ठा के सशक्त समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत किया।